सत्यमेव जयते

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा एक टी.वी कार्यक्रम 'मुस्कान' शुरू किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा की जाएगी और उनके जीवन को नया आयाम दिया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं के जीवन को सुखमय और गुणवत्तापरक ही नहीं बनाएगा बल्कि उन्हें आध्यात्म की ओर भी अग्रसर करेगा। साथ ही, वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त भी बनेंगी।

ब्रह्माकुमारीज़ ने इससे पहले भी अपने टी.वी चैनल में अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस को जीवन की नई राह दिखाई है। इस कार्यक्रम से महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा।

मैं इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को बधाई देती हूं और इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

द्रौपदी

(द्रौपदी मुर्मु)

नई दिल्ली
अक्तूबर 21, 2022